दिनांक 27 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आदर्श आचार संहिता के कारण रुके कार्यों में लाएं तेजी, महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने दिए विभाग प्रमुखों को निर्देश

भिलाईनगर/महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने विभाग प्रमुखों को आचार संहिता के कारण रुके हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए है जिसके लिए अपने कक्ष में उन्होंने वार्ड वार बारी-बारी से महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर अधिकारियों से गहन समीक्षा भी की!
बहुत से ऐसे कार्य है जिस पर आदर्श आचार संहिता प्रभावसील होते ही कार्य की गति धीमी हो जाती है! प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से विकास से जुड़े कार्य मे इसका सीधा असर पड़ता है! नए कार्य एवं कार्य आदेश की स्वीकृति करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है! ज्ञात हो कि प्रोजेक्ट सेल का गठन श्री यादव के नेतृत्व में किया गया है जिसमें विभिन्न प्रमुख कार्य को सम्मिलित किया गया है जिसमें नगर निगम भिलाई के लिए नए भवन निर्माण भी सम्मिलित है जोकि महत्वपूर्ण कार्य है अब इन कार्यो में गति आएगी इसके साथ ही पानी , रोड, नाली, सड़क, भवन,नवीन प्रस्ताव, विभिन्न कार्ययोजना, एवं जनप्रतिनिधियों के अपेक्षाओं के अटके कार्यों में प्रगति आएगी! आदर्श आचार संहिता की वजह से विकास कार्यों की गति विभिन्न कारणों से थम सी जाती है , लेकिन आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही श्री यादव ने विभागीय कार्यों में प्रगति लाने के लिए विभाग प्रमुखों की बैठक लेकर निर्देशित किया है!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!